# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–9568/25 दिनांक 21/11/25

**समयबद्ध / अति महत्वपूर्ण**

सेवा में,

**प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,**
समस्त डिप्लोमा जी0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र
उत्तर प्रदेश।

**विषय–शैक्षिक सत्र् 2025–26 में प्रवेशित अभ्यर्थियों के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त के संबंध में आपको अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट पिटीशन संख्या–9578(रिट–सी) / 2025 जी0एस0 स्कूल ऑफ नर्सिंग बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 27.10.2025 के अनुपालन में निजी क्षेत्र की संस्थाओं में जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों को भरे जाने के सम्बन्ध में चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4 उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–60 / 71–4–2025 दिनांक 30 अक्टूबर, 2025 में निम्न व्यवस्था का उल्लेख किया गया था –

1. जी0एन0एम0 की रिक्त सीटों को भरे जाने के सम्बन्ध में एक अतिरिक्त स्ट्रे राउंड काउंसिलिंग की जाय। उक्त काउंसिलिंग में सम्मिलित होने हेतु पूर्व आयोजित जी0एन0एम0 प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले शेष अभ्यर्थी अर्ह होंगे।
2. CNET-2025 (बी0एससी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा) के अभ्यर्थियों को जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने की अनुमति दी जाय।
3. उपर्युक्तानुसार काउंसिलिंग के पश्चात यदि फिर भी सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो संस्थाओं द्वारा स्वस्तर से प्रवेश परीक्षा के माध्यम से रिक्ट सीटों को भरे जाने की कार्यवाही की जायेगी।

...........02

शासन के कार्यालय ज्ञाप में वर्णित उक्त बिन्दु 01 व 02 के अनुपालन में अटल बिहारी वाजेपयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ ने अपने पत्र संख्या–98/ABVMU/UPGET/2025 दिनांक 03.11.2025 के द्वारा 2nd Special Stray Round Counselling के माध्यम से अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश निर्गत करते हुए जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में अभ्यर्थियों के प्रवेश सम्बन्धी समस्त कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है।

यदि आपके संस्थान/प्रशिक्षण केन्द्र में अभी भी जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में सीटें रिक्त हैं तो शासन के कार्यालय ज्ञाप में वर्णित उक्त बिन्दु संख्या–03 में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

सूच्य है कि भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली ने अपने पत्र सं0–F No.I-6/LT/2025-INC दिनांक 22.10.2025 के द्वारा सत्र–2025–26 हेतु जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम अभ्यर्थियों के प्रवेश की अन्तिम तिथि **30.11.2025** निर्धारित की है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि यदि आपके संस्थान/प्रशिक्षण केन्द्र में अभी भी जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में सीटें रिक्त हैं तो दिनांक 30.11.2025 तक आप स्वस्तर से प्रवेश परीक्षा सम्पादित करते हुए अभ्यर्थियों का प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

शैक्षणिक सत्र् 2025–26 हेतु अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ के द्वारा सम्पादित जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा **(UPGET-2025)** के माध्यम से आपके प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेशित अभ्यर्थियों एवं सीट रिक्त होने की दशा में स्वस्तर से प्रवेश परीक्षा के द्वारा लिए गए अभ्यर्थियों का इनरोलमेंट अपने सेंटर लॉगिन पर दिनांक **05.12.2025** तक करना सुनिश्चित करें। साथ ही दिनांक **30.11.2025** तक जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लिए गए अभ्यर्थियों की सूची भी दिनांक **05.12.2025** तक इस कार्यालय में ई–मेल के माध्यम से प्रत्येक दशा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। दिनांक **30.11.2025** के पश्चात लिये गये प्रवेश भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली के आलोक में मान्य नहीं होंगे।

भवदीय,

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)**
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।